>

Title : Need to construct a new bridge over river Yamuna keeping in view heavy increase in traffic in North East Delhi Parliamentary Constituency.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): महोदय, राजधानी दिल्ली में यमुना नदी पर जो पुल बने हुए हैं, उन पर यातायात का भारी दबाव होने के कारण काफी समय तक मार्ग अवरूद्ध हो जाता है, जिसकी वजह से नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राजधानी दिल्ली में विशेषकर उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र में अन्य संसदीय क्षेत्रों की अपेक्षा काफी आबादी है तथा उत्तर प्रदेश राज्य दिल्ली की सीमा से सटा होने के कारण यहां आनेवाले वाहनों का यमुना नदी के पुल से ही आवागमन होता है। वर्तमान में यमुना नदी पर जो पुल बने हुए हैं, वे अपर्याप्त हैं। पिछले काफी समय से यमुना नदी पर और पुल बनाये जाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हुयी है। यमुना नदी पर बढ़ते हुए भारी यातायात को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए यह अति आवश्यक है कि उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत यमुना नदी पर अविलंब पुल का निर्माण करवाया जाये।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस ओर विशेष ध्यान देकर राजधानी दिल्ली के उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत यमुना नदी पर पुल का निर्माण करवाये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए।

---

* Treated as laid on the Table